# विदेशी बोले- एमपी का पर्यटन अद्‍भुत

## अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का समापन




**भोपाल, 13 अक्टूबर. मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का तीन दिवसीय आयोजन सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार श्रेणी में प्रथम पुरस्कार शंभाला रिसोर्ट (भोपाल), द्वितीय पुरस्कार यार नगर जंगल रिसोर्ट (बुधनी) और तृतीय पुरस्कार एन्चांटिंग मध्यप्रदेश (ग्वालियर) को प्रदान किया गया. समारोह में पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पर्यटन क्षेत्र में देश के सबसे तेज़ी से विकसित होते क्षेत्रों में से एक बनकर उभरा है, जो हमारे राज्य की असीम संभावनाओं का प्रमाण है. प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक स्थलों, समृद्ध वन्य जीवन से परिपूर्ण मध्यप्रदेश सदैव दुनिया भर के यात्रियों को आकर्षित करता रहा है.

### फॉरेन टूर ऑपरेटर्स ने रखे विचार

वेल्स बेकन्स लिमिटेड (यूके) के निदेशक एरिक हॉलीडे ने कहा कि यह अनुभव अद्भुत और वास्तव में अविस्मरणीय रहा. उद्घाटन समारोह जीवंत, प्रामाणिक और अत्यंत प्रेरणादायक रहा. एनईआई यूके के निदेशक पीटर रीज़-जोन्स ने कहा कि दशकों पहले पहली बार भारत आने के बाद अब लौटकर आना और पर्यटन के क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति को देखना अद्भुत अनुभव है.

## राज्यपाल ने एम्स की स्वास्थ्य सेवाओं को सराहा



**भोपाल, 13 अक्टूबर. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को एम्स भोपाल का दौरा किया. उन्होंने कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानंद कर तथा उपनिदेशक (प्रशासन) संदेश कुमार जैन के साथ बैठक की, जिसमें संस्थान की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं और शैक्षणिक पहलों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई.**

राज्यपाल पटेल ने अस्पताल का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), भर्ती वार्ड और विभिन्न चिकित्सीय सेवाएँ शामिल थीं. इस दौरान उन्होंने मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत भी की. साथ ही विभागीय सुविधाओं की समीक्षा की और छात्र सुविधाओं का निरीक्षण किया. इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के परिसर में वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. दौरे के उपरांत राज्यपाल ने एम्स भोपाल के नेतृत्व, संकाय एवं स्टाफ के समर्पण की सराहना की और कहा कि संस्थान क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं, शोध और चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता नवंबर में होगी

**भोपाल 13 अक्टूबर.** केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद, एम.पी. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर के तत्वावधान में 47वीं अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं के तहत वर्ष 2024-25 में विभिन्न अंतरक्षेत्रीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में नवम्बर माह के तृतीय सप्ताह में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में किया जाएगा. इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक बिजली कार्मिकों से नामांकन आमंत्रित किये गये हैं. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि एथलेटिक्स स्पर्धा भोपाल क्षेत्र में नवम्बर के तृतीय सप्ताह में आयोजित होगी.

## मुनेका का लाइव परफॉर्मेंस आज



**भोपाल, 13 अक्टूबर.** डीबी सिटी मॉल स्थित स्टूडियो एक्सो में मंगलवार को स्पेशल डीजे नाइट का आयोजन किया जा रहा है. इस मौके पर इंटरनेशनल ख्याति प्राप्त डीजे मुनेका की लाइव परफॉर्मेंस होगी. इस दौरान डीजे मुनेका अपने अनोखे अंदाज़ में बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों के गीतों पर रॉकिंग परफॉर्मेंस देंगी. इस नाइट को बीट्स ऑफ फ्यूज़न थीम पर सजाया है, जिसमें रोशनी, साउंड और रिदम का जादुई मेल दर्शकों को अंतरराष्ट्रीय क्लबिंग अनुभव देगा. डीजे नाइट रात 8 बजे शुरू होगी.

## सरल, सहज है यादों का सिलसिला : डीजीपी

### पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी की पुस्तक 'यादों का सिलसिला' का विमोचन




**भोपाल, 13 अक्टूबर. पुलिस ऑफ़िसर्स मेस में गत दिवस पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी की पुस्तक 'यादों का सिलसिला' का विमोचन करते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि यादों का सिलसिला किताब सरल सहज और आत्मीय है. इसमें कई संस्मरण में संवेदनाएं भी समाहित हैं. न्याय और प्रक्रिया का द्वंद भी देखने को मिलता है. पुलिस अधिकारियों को इसे जरूर पढ़ना चाहिए.**

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने पुस्तक पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यादों का सिलसिला पुस्तक यादों के प्रभाव को कम नहीं करती, इसमें जीवन भर की यादें ऑटो बायोग्राफी के रूप में हैं. माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु तिवारी ने कहा कि यादों का सिलसिला पुस्तक बड़े रोचक विवरण से भरी हुई है. इतनी अच्छी प्रस्तुति करना हर किसी के बस की बात नहीं.



## स्कूली बच्चों को वितरित कीं पुस्तकें

**भोपाल, 13 अक्टूबर. श्री माँ आनन्दमयी आश्रम में सोमवार को वाटर कूलर एवं केन्ट का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर 350 विद्यार्थियों को भोजन के साथ शिक्षण सामग्री वितरित की गई.**

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित अशोक, आचार्य पंडित लेखराज शर्मा ने पूजन कर किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्येन्द्र अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अध्यक्ष राजधानी वस्त्र व्यवसाय संघ भोपाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, रवि उप्पल, रामबाबू अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, बसंत चेलानी, सुशील वासवानी, दीपक लालचंदानी, अनिल अग्रवाल, राजकुमार सुखानी, राकेश मनसुखानी, ओमप्रकाश अग्रवाल, अजय मित्तल, राजेन्द्र बंसल आदि उपस्थित थे.




## दीपोत्सव मेले में शहनाई पर सुनाए राग

**भोपाल, 13 अक्टूबर. दीपों की उजास और शहनाई की मधुर लहरियों ने रविवार की शाम को गौहर महल को संगीत और संस्कृति के सुरम्य संगम में बदल दिया.**


मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित दीपोत्सव मेलामें हुई शहनाई वादन की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिपूर्ण और भावनात्मक स्पंदन से भर दिया. इस अवसर पर उज्जैन के कल्लू राव और जबलपुर के भीम राव ने शहनाई वादन की प्रस्तुति दी. कल्लू राव की प्रस्तुति में जहां बनारसी घराने की परंपरागत मिठास थी, वहीं भीम राव ने अपनी शहनाई में मध्यप्रदेश की लोकधुनों का रस घोला. दोनों कलाकारों की जुगलबंदी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.

**दीपोत्सव की तैयारी** | **बाजारों में अभी से दिखने लगी दिवाली की रौनक**

# होमडेकोर के साथ डिजाइनर दीयों की मांग

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 अक्टूबर. दिवाली की रौनक बाजारों में अभी से दिखने लगी है. एक तरफ दिवाली की दुकानें बाजारों में लगनी शुरू ही हुई ही है. दूसरी तरफ ग्राहकों की भीड़ अभी से बढ़ती जा रही है. सोमवार को दोपहर से शाम तक न्यू मार्केट में लोग होम डेकोर के सामानों की खरीदारी करते हुए नजर आये.**





त्यौहार से रौनक बढ़ी है. महिलाएं नई डिजाइनर साड़ियों में पारंपरिक डिजाइन की मांग करती हैं. जिमीचु साड़ियां अधिक पसंद की जा रही हैं. इसमें एक अलग ही कारीगरी है, जो ग्राहकों को पसंद आ रही है.
**राजेश जैन**, दुकानदार, न्यू मार्केट



ग्राहक अभी से खरीदारी कर रहे हैं. हमारे पास सादे दीयों के साथ डिजाइनर और कलरफुल दीये भी हैं. दिवाली के सजावट से लेकर मूर्ति तक सभी सामान को ग्राहक बड़े ही उत्साह से खरीद रहे हैं.- **पन्नालाल प्रजापति**, दुकानदार, न्यू मार्केट



लोग होम डेकोर में दरवाजे पर लगने वाले लटकन, झालर, टेबल लैम्प, शुभ लाभ के बोर्ड और स्टीकर सहित मंदिरों के डिजाइनर कपड़े खरीद रहे हैं.
**सोनू रेकवार**, दुकानदार, न्यू मार्केट

